मुगलकालीन स्थापत्य कला एवं निर्माण कार्य

samanyagyan.com/hindi/gk-architecture-of-mughal-empire

मुग़ल कालीन स्थापत्य कला एवं वास्तुकला के महत्वपूर्ण निर्माण कार्य बारे में महत्वपूर्ण जानकारी: (Mughal Period History in Hindi)

मुग़ल स्थापत्य कला: जिस कला को मुगल स्थापत्य कला पुकारा गया है वह मध्य-एशिया की इस्लामी कला और भारतीय हिन्दू-कला का मिश्रित रूप है। मुगलकालीन स्थापत्य की मुख्यतम विशेषता संगमरमर के पत्थरों पर अधारित बहुमूल्य पत्थरों से की गयी जड़ावट 'पित्रदुरा' एवं मकबरों तथा विलास भवनों में बहते पानी का उपयोग है।

अकबर के समय से इस्लामी और हिन्दू-कला के मिश्रण से एक नवीन स्थापत्य-कला शैली का विकास हुआ । इस कला में इस्लामी-कला से गोल गुम्बद, ऊँची-ऊँची मीनारें और मेहराब, छतें, खम्भे और नुकीली मेहराबें ली गयी थीं। आरम्भ में लाल पत्थर का प्रयोग किया गया तथा इमारतों को विशाल एवं मजबूत बनाने पर बल दिया गया लेकिन बाद में इन इमारतों में सफेद संगमरमर के प्रयोग को सम्मिलित किया गया तथा उन्हें नक्काशी, सोने-चाँदी के पानी के प्रयोग और रंगीन बेल-बूटों आदि के द्वारा अत्यधिक सुन्दर बनाने का प्रयत्न किया गया।

मुग़ल वास्तुकला: मुगल वास्तुकला,जो कि भारतीय, इस्लामी एवं फारसी वास्तुकला का मिश्रण है, एक विशेष शैली, जो कि मुगल साम्राज्य ने भारत में 16वीं 17वीं एवं 18वीं सदी में जन्म लिया।

आरंभिक मुग़ल वास्तुकला:

मुगल वंश आरंभ हुआ बादशाह बाबर से 1526 में। बाबर ने पानीपत में एक मस्जिद बनवाई, इब्राहिम लोधी पर अपनी विजय के स्मारक रूप में। एक दूसरी मस्जिद, जिसे बाबरी मस्जिद कहते हैं।

कुछ प्राथमिक एवं अति विशिष्ट लक्षणिक उदाहरण, जो कि आरम्भिक मुगल वास्तु कला के शेष हैं, (1540–1545) के सम्राट शेरशाह सूरी के छोटे शासन काल के हैं; जो कि मुगल नहीं था। इनमें एक मस्जिद, किला ए कुन्हा (1541) दिल्ली के पास, लाल किला का सामरिक वास्तु दिल्ली में, एवं रोहतास किला, झेलम के किनारे, आज के पाकिस्तान में। उसका मकबरा, जो कि अष्टकोणीय है, एक सरोवर के बीच आधार पर बना है, सासाराम में है, जिसे उसके पुत्र एवं उत्तराधिकारी इस्लाम शाह सूरी (1545-1553). द्वारा बनवाया गया था।

आइये जाने मुगलकालीन निर्माण कार्यों के बारे में :-

निर्माण	स्थान	निर्माणकर्त्ता
काबुली बाग	पानीपत	बाबर
दीनपनाह नगर	आगरा	हुमायूँ
पुराना किला	दिल्ली	शेरशाह

निर्माण	स्थान	निर्माणकर्त्ता
रोहतास गढ़ दुर्ग	रोहतास	शेरशाह
शेरशाह का मकबरा	सासाराम	शेरशाह
हुमायूँ का मकबरा	दिल्ली	हाजी बेगम
आगरे का किला	आगरा	अकबर
फतेहपुर सीकरी महल	फतेहपुर सीकरी	अकबर
जोधाबाई महल	फतेहपुर सीकरी	अकबर
जामा मस्जिद	फतेहपुर सीकरी	अकबर
बुलंद दरवाजा	फतेहपुर सीकरी	अकबर
सलीम चिश्ती का मकबरा	फतेहपुर सीकरी	अकबर
अकबर का मकबरा	सिकंदरा	जहाँगीर
एतमादुद्दौला का मकबरा	आगरा	नूरजहाँ
जहाँगीर का मकबरा	शाहदरा (लाहौर)	नूरजहाँ
जामा मस्जिद	आगरा	शाहजहाँ
ताजमहल	आगरा	शाहजहाँ
लाल किला	दिल्ली	शाहजहाँ
रबिया उददौरानी का मकबरा	औरंगाबाद	औरंगजेब
बादशाही मस्जिद	लाहौर	औरंगजेब

नीचे दिए गए प्रश्न और उत्तर प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। यह भाग हमें सुझाव देता है कि सरकारी नौकरी की परीक्षाओं में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। यह प्रश्नोत्तरी एसएससी (SSC), यूपीएससी (UPSC), रेलवे (Railway), बैंकिंग (Banking) तथा अन्य परीक्षाओं में भी लाभदायक है।

मुग़लकालीन वास्तुकला - महत्वपूर्ण प्रश्न और उत्तर (FAQs):

प्रश्न: किस मुगल सम्राट ने श्रीनगर में स्थित शालीमार बाग बनवाया था?

उत्तर: शाहजहाँ *(Exam - SSC LDC Oct, 1998)*
प्रश्न: मुगल चित्रकारी ने किसके शासन काल में पराकाष्ठा प्राप्त की?

उत्तर: जहॉगीर *(Exam - SSC CML May, 2001)*
प्रश्न: किस मुगल शासक ने भारत की वनस्पतियों और प्राणी-जगत, ऋतुओं और फलों का विशद विवरण अपनी दैनन्दिनी (डायरी) में दिया है?

उत्तर: औरंगजेब *(Exam - SSC CML May, 2001)*
प्रश्न: मुगल काल की राजभाषा क्या थी?

उत्तर: फारसी *(Exam - SSC CML May, 2001)*
प्रश्न: किसके शासन काल में मुगल चित्रकला की शान सबसे अधिक थी?

उत्तर: जहाँगीर *(Exam - SSC AIC Oct, 2003)*
प्रश्न: मुगल 'जागीर' क्या था?

उत्तर: किसी मनसबदार को समनुदेशित नकद वेतन *(Exam - SSC SOA Dec, 2003)*
प्रश्न: लाल किले में मुगल अस्तित्व किसके पतन के साथ समाप्त हुआ?

उत्तर: बहादुरशाह 'जफर' *(Exam - SSC CHSL Nov, 2005)*
प्रश्न: मुगल काल के दौरान एक विदेशी यात्री भारत आया था तथा उसने एक विशेषज्ञ के रूप में तख्ते हाउस (मयूर सिंहासन) का वर्णन किया, उसका नाम क्या था?

उत्तर: ट्रैवर्नियर *(Exam - SSC TA Dec, 2005)*
प्रश्न: विश्व प्रसिद्ध 'तख्ते ताऊस' किस मुगल भवन में रखा गया था?

उत्तर: दिल्ली में लाल किले का दिवाने आम *(Exam - SSC SOA Dec, 2006)*
प्रश्न: मुगल भवनों में से किसमें यह अन्य विशेषता बताई जाती है कि वह लम्बाई और चौडाई में बिल्कुल बराबर है?

उत्तर: ताजमहल *(Exam - SSC TA Nov, 2007)*

You just read: Mugalashaasan Kaal Ke Dauraan Sthaapaty Kala Aur Vaastukala Ke Mahatvapoorn Nirmaan Kaary